# डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
## (पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)
(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांक: COE/103/2026 दिनांक 02-04-2026

## आवश्यक सूचना

सभी संबंधित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वार्षिक प्रणाली (पुराने पाठ्यक्रम) के अन्तर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की वर्ष 2020 से 2025 तक के समस्त छात्र–छात्राअें को विशेष अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इस अवसर के अन्तर्गत वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन निम्न नोडल परीक्षा केन्द्रों पर किया जा रही है:–

| क्र0 सं0 | पाठ्यक्रम का नाम | लिखित परीक्षा का नोडल परीक्षा केन्द्र | प्रायोगिक (Practical)/ मौखिक (Viva & Voce) परीक्षा का नोडल परीक्षा केन्द्र | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी0कॉम0, बी0कॉम0, (वोकेशनल) एवं एम0कॉम0 | सेंट जॉन्स कालेज, आगरा | सेंट जॉन्स कालेज, आगरा | आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, अलीगढ, कासगंज़ एवं हाथरस जनपद के समस्त छात्र–छात्राऐं सम्मिलित होगें। |
| 2 | बी0ए0, बी0एससी0,एम0ए0 एवं एम0एससी0 | आगरा कालेज, आगरा | आगरा कालेज, आगरा | आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, अलीगढ़, कासगंज एवं हाथरस जनपद के समस्त छात्र–छात्राऐं सम्मिलित होगें। |

अतः ऐसे सभी छात्र–छात्राऐं, जो उपरोक्त वर्ष 2020 से 2025 के अंतर्गत आते हैं एवं जिन्होंने प्रायोगिक (Practical)/मौखिक (Viva & Voce) परीक्षाओं हेतु आवेदन पत्र पूरित किया है, उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वह अपने उक्त नोडल परीक्षा केन्द्र से प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा की तिथि, समय एवं स्थान की जानकारी प्राप्त कर लें।

**नोट :–**

1. निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
2. परीक्षा में सम्मिलित होते समय प्रवेश पत्र (Admit Card) एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा।
3. **सभी छात्र–छात्राऐं दिनांक 11 अप्रैल, 2026 से पूर्व** अपने उक्त नोडल परीक्षा केन्द्र से अनिवार्य रूप से सम्पर्क कर लें। यह अवसर पूर्णतः अंतिम है। इसके उपरांत किसी भी परिस्थिति में पुनः अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने की स्थिति में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना से अवगत होते हुए छात्र–छात्राओं को (उक्त परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाऐं आयोजित होगी) सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य, आगरा कालेज, आगरा/सेंट जॉन्स कालेज, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा की तिथि, समय एवं स्थान की जानकारी सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को देने का कष्ट करें।
3. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।
4. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय/वित्त अधिकारी कार्यालय।
6. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल के समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
7. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. एजेन्सी 2025–26 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करें।
9. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner